
विठाबाई के किरदार में छाईं श्रद्धा कपूर



श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'इठा' का ट्रेलर आज दोपहर रिलीज हुआ। फिल्म में श्रद्धा मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में रणदीप हुड्डा, मोहम्मद जीशान अय्यूब और नाना पाटेकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 'इठा' का ट्रेलर महाराष्ट्र की लोककला तमाशा और लावणी की दुनिया दिखाता है। ट्रेलर में कला, संघर्ष और अपने सम्मान के लिए लड़ाई नजर आती है। श्रद्धा विठाबाई के किरदार में दमदार लग रही हैं। उनके डायलॉग भी असर छोड़ते हैं। एक जगह वह कहती हैं, देखते हैं क्या टूटता है, मेरा भरोसा या मेरा घमंड। मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे। जब वो टूट गया ना, सब टूट गया। वहीं मुंबई के दादर में आयोजित फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर पारंपरिक महाराष्ट्रीयन नौवारी साड़ी पहनकर पहुंचीं। इस दौरान एक फोटोग्राफर ने उन्हें गुलाब का फूल दिया। मोहम्मद जीशान अय्यूब का अंदाज भी ध्यान खींचता है। उनके डायलॉग्स भी शानदार हैं। ट्रेलर में वह श्रद्धा कपूर के किरदार ईठा से कहते हैं, तुझसे तो नाच के मुकाबले में तकदीर भी नहीं जीत सकती, ईठा। बिना नाचे जाएगी क्या? देख, आसमान का मंडप है, चांद की लाइट है, हवाओं के स्पीकर हैं। कोई हो न हो, तेरा रिवाज तो है। तू ही कहती थी न कि पड़े-पड़े मरी तो बेचारी कहलाऊंगी। इसके बाद ईठा कहती है, पर नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी। ट्रेलर की जान इसका संगीत है। अजय-अतुल का म्यूजिक कहानी के माहौल को और मजबूत बनाता है। नववारी साड़ी को लेकर श्रद्धा का डायलॉग भी खास है, वो कहती हैं, ये सिर्फ कपड़ा नहीं, अभिमान है। जिसे पहनने मिले, वो भाग्यवान है। इवेंट में मराठी लुक में पहुंची ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर पारंपरिक महाराष्ट्रीयन नौवारी साड़ी पहनकर पहुंचीं। कार्यक्रम के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें वे ढोल की धुन पर ग्रैंड एंट्री करती दिखाई दे रही हैं। इसके बाद श्रद्धा कपूर ने जम कर डांस किया।

क्या जुड़ सकेंगे कटे हुए सिर? दुनिया का पहला 'सिर प्रत्यारोपण' सिस्टम आया सामने



क्या भगवान गणेश की तर्ज पर अब आम इंसानों का कटा हुआ सिर जोड़ना भी संभव हो सकेगा?...यह सुनकर आपको भले अजीब लग रहा हो, लेकिन अमेरिका की न्यूरोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग कंपनी ब्रेन ब्रिज ने दुनिया का सिर प्रत्यारोपण सिस्टम विकसित करने का दावा किया है। दुनिया का पहला सिर प्रत्यारोपण करने वाले वैज्ञानिक भगवान शंकर को माना जाता है। उन्होंने अपने बेटे श्री गणेश का सिर कट जाने पर उन्हें एक हाथी का सिर लगा दिया था। भारत के पौराणिक दस्तावेजों के अनुसार यह दुनिया का पहला और आखिरी सिर प्रत्यारोपण माना जाता है। मगर दावा किया जा रहा है कि गणेश भगवान की तर्ज पर इंसानों के कटे हुए सिर को भी जोड़ा जा सकेगा। इतना ही नहीं एक इंसान का कटा हुआ सिर दूसरे इंसानों में प्रत्यारोपित किया जा सकेगा। यह सुनकर आपको भले भरोसा नहीं हो रहा हो, लेकिन अमेरिका की न्यूरोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग कंपनी ब्रेन ब्रिज ने दुनिया का सिर प्रत्यारोपण सिस्टम विकसित करने का दावा किया है। क्या प्रत्यारोपित हो सकेंगे कटे हुए सिर ब्रेन ब्रिज के दावे के अनुसार अब वह दिन दूर नहीं, जब इंसान का सिर एक शरीर से निकालकर दूसरे स्वस्थ शरीर पर जोड़ा जा सकेगा। दुनिया का पहला हेड एंड फेस ट्रांसप्लांट सिस्टम पेश किया है, जो पूरी तरह रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। कंपनी के अनुसार, यह तकनीक उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकती है, जिनका शरीर अंतिम चरण के कैंसर, पूर्ण लकवा (क्वाड्रीप्लेजिया), या अल्जाइमर-पार्किंसन जैसी लाइलाज बीमारियों से बर्बाद हो चुका है, लेकिन दिमाग पूरी तरह स्वस्थ है। कैसे प्रत्यारोपित होगा कटा हुआ सिर ब्रेन ब्रिज के अनुसार कैंसर, लकवा, अल्जाइमर व पार्किंसन जैसी बीमारियों से पीड़ित ऐसे मरीजों का सिर एक मृत दाता के स्वस्थ शरीर पर प्रत्यारोपित किया जा सकेगा, यानी उन्हें जीवन का दूसरा मौका मिलेगा। सिर प्रत्यारोपण का कार्य आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से रोबोटिक सर्जरी द्वारा किया जाएगा। एआई रियल-टाइम में नसों, रक्त वाहिकाओं और स्पाइनल कॉर्ड की मिलीसेकंड-स्तरीय मैपिंग करेगा। माइक्रो-सर्जरी की सटीकता इतनी होगी कि नसें और धमनियां बिना किसी रिसाव के जुड़ सकें। चेहरा भी पूरी तरह ट्रांसप्लांट होगा, ताकि मरीज की पहचान बनी रहे। प्रत्यारोपण के दौरान मस्तिष्क को दी जाती रहेगी पूरी आक्सीजन कंपनी का दावा है कि पूरी प्रक्रिया में मस्तिष्क को ऑक्सीजन और पोषण की निरंतर आपूर्ति बनी रहेगी, जिससे ब्रेन डेड का खतरा शून्य होगा। हालांकि इस दावे पर जहां एक तरफ वैज्ञानिक समुदायों में उत्साह है, तो वहीं नैतिकता के सवाल भी तेज हो गए हैं- क्या कहते हैं विशेषज्ञ विशेषज्ञों का कहना है कि अभी यह कॉन्सेप्ट स्टेज पर है। पहले जानवरों पर प्रयोग होंगे, फिर दशक भर बाद इंसानों पर ट्रायल शुरू हो सकता है। बात साफ है कि चिकित्सा विज्ञान ने वह सीमा पार कर ली है जो कल तक असंभव लगती थी। अब सवाल सिर्फ यह नहीं कि यह हो सकता है या नहीं, बल्कि यह है कि हमें इसे होने देना चाहिए या नहीं।

लव राशिफल 31 अक्तूबर मेष सहित इन चार राशि वालों की लव लाइफ रहेगी शानदार



आज का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से कुछ राशियों के लिए खास रह सकता है। पार्टनर के साथ आपका रिश्ता कैसा रहेगा, प्रेम जीवन में नजदीकियां बढ़ेंगी या किसी बात पर अनबन हो सकती है? जानें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का आज का लव राशिफल। 12 राशियों के प्रेम जीवन के लिए अलग-अलग रहेगा। ज्योतिषियों के अनुसार, कुछ राशि वालों के रिश्तों में प्यार और नजदीकियां बढ़ेंगी, तो कुछ को वाणी का खास ध्यान रखना होगा। वहीं, पार्टनर के साथ छोटी-मोटी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में आपकी लव लाइफ का पूरा दिन कैसा रहेगा, आइए राशिफल जानते हैं। मेष राशि वालों की लव लाइफ शानदार रहेगी। आज आपका पार्टनर आपसे थोड़ा अधिक समय और ध्यान चाह सकता है। रिश्तों में आज भावनाएं पहले से ज्यादा मजबूत होती नजर आएंगी। कोई गिफ्ट भी आपको मिल सकता है। **वृषभ लव राशिफल** आपके लिए दिन खास रहेगा। पार्टनर के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा और एक-दूसरे की भावनाओं को समझने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, सिंगल लोगों का दिल किसी खास व्यक्ति की ओर आकर्षित हो सकता है। **मिथुन लव राशिफल** विवाह के योग बन सकते हैं। वहीं, किसी खास व्यक्ति का साथ आपको अच्छा महसूस करा सकता है। आज दिल से जुड़ी कोई खुशी मिल सकती है। मनचाही जगह पर साथी के साथ घूमने के योग हैं। **कर्क लव राशिफल** आज पार्टनर की ओर से कोई सुखद सरप्राइज या अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अविवाहित लोगों को किसी नए रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है। पुरानी बातों का बार दिल पर से हट सकता है। **सिंह लव राशिफल** सिंह राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा। आज आपका मन रोमांस और भावनाओं से भरा रहेगा। वहीं, पार्टनर के साथ नजदीकियां बढ़ सकती हैं। विवाह के लिए आपको घर से मंजूरी प्राप्त होगी। **कन्या लव राशिफल** कन्या राशि वालों के लिए दिन थोड़ा परेशानियां लेकर आ सकता है। गुस्से में आकर कोई ऐसी बात न कहें, जिससे आपके रिश्ते को ठेस पहुंचे। बातचीत में संयम बनाए रखें। वहीं, किसी भी तरह की पुरानी बात साथी से न करना बेहतर रहेगा। **तुला लव राशिफल** आज आपको पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। कोई बड़ा उपहार भी आपको प्राप्त होगा। वहीं, पार्टनर की भावनाओं का सम्मान करें, इससे रिश्ते में विश्वास और अपनापन बढ़ेगा। वृश्चिक लव राशिफल पार्टनर के साथ बिताए गए पल आपके रिश्ते को और गहरा बनाने में मदद करेंगे। आपसी विश्वास मजबूत होगा। खास बात यह है कि, तालमेल अच्छा बना रहेगा और प्रेम जीवन में रोमांस बना रहेगा। **धनु लव राशिफल** रिश्तों में धैर्य बनाए रखें। दिन की शुरुआत में कुछ तनाव रह सकता है, लेकिन शाम तक माहौल बेहतर होने की संभावना है। इसके अलावा पार्टनर के साथ विचार अलग होने पर भी रिश्ता मजबूत रहेगा। **मकर लव राशिफल** पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। विवाह के लिए बात पक्की हो सकती है। आप दोनों के बीच आपसी समझ और नजदीकियां बढ़ सकती हैं। वहीं, पार्टनर की छोटी सी तारीफ भी आपके चेहरे पर मुस्कान ला देगी। **कुंभ लव राशिफल** सिंगल लोगों की किसी नए और खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। वहीं, प्रेम संबंधों में भी सकारात्मकता बनी रहेगी। इसके अलावा पुरानी नाराजगी हंसी-मजाक में दूर होने के योग हैं।

दिल्ली में स्थित 3 सबसे डरावनी जगह,सुन कांप जाती है लोगों की रूह

क्या आप दिल्ली की इन हॉन्टेड प्लेस के बारे में जानते हैं, जहां पर जाना हर किसी के बस की बात नहीं है?

क्या आपको भी अलग-अलग हॉन्टेड प्लेस को एक्सप्लोर करना पसंद है? अगर हां, तो दिल्ली की ये जगह आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन साबित हो सकती हैं। कभी आप दिल्ली घूमने का प्लान बनाएं या फिर अगर आप दिल्ली के आसपास रहते हैं, तो आप इन जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना सकते हैं। दिल्ली में स्थित इन जगहों के बारे में डरावनी कहानियां सुनने के बाद बहुत कम लोग ही इन्हें एक्सप्लोर करने की हिम्मत कर पाते हैं। ***जमाली कमाली का मकबरा*** *आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जमाली कमाली के मकबरे में महसूस होने वाली ठंडी हवा को भूत-प्रेत के साथ जोड़कर देखा जाता है। लोगों का मानना है कि अगर इस जगह पर आपके पास से ठंडी हवा गुजर रही है,*



तो हो सकता है कि भूत-प्रेत आपको बुला रहे हों। आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां पर जानवरों के चिल्लाने की आवज भी सुनाई देती है। ***फिरोज शाह कोटला किला***

लोगों का मानना है कि सूरज ढलने के बाद फिरोज शाह कोटला किले में जिन्न रहते हैं। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि इस इलाके के आसपास रहने वाले लोग हर गुरुवार को जिन्न को खुश करने के लिए मोमबत्तियां और अगरबत्तियां भी जलाते हैं। बताया जाता है कि इस इलाके से गुजरते कुछ लोगों को जिन्न पकड़ भी चुके हैं। यही वजह है कि रात में लोग इस जगह के आसपास से गुजरने के बारे में सोचते भी नहीं हैं। ***संजय वन*** *दिल्ली के संजय वन के बारे में भी एक बेहद डरावनी कहानी सुनाई जाती है। लोग बताते हैं कि इस वन में सफेद कपड़े में एक बूढ़ी महिला घूमती है। शाम के समय घूमने पर ऐसा महसूस हो सकता है कि आपको किसी ने धक्का दिया हो। आपको बता दें कि संजय वन में गर्मी में धुंध नजर आती है। आसपास से आने वाली जानवरों की आवाजें इस जगह को और भी ज्यादा डरावना बना देती हैं।*

'झाड़ फूंक' एक खंडहरनुमा तहखाना, गायब प्रेमी और रहस्य, आखिर किस सच से सामना करेगी आस्था?

कभी कभी डर किसी अंधेरे कमरे में नहीं, बल्कि उन सवालों में छिपा होता है, जिनके जवाब हमारे पास नहीं होते। जब जिंदगी, रिश्ते और अनजाना खौफ एक ही मोड़ पर आकर खड़े हो जाएं, तो सच तक पहुंचना आसान नहीं होता। फिल्म 'झाड़ फूंक' की कहानी भी ऐसे ही रहस्यों के बीच आगे बढ़ती है, जहां हर नया सवाल अपने साथ एक अनजाना डर लेकर आता है। **फिल्म की कहानी** आस्था (सुम्बुल तौकीर खान) प्रेग्नेंट है और राजवीर (हर्ष राजपूत) के साथ उत्तराखंड से दिल्ली की ओर सफर कर रही है। आस्था चाहती है कि राजवीर उससे शादी कर ले, लेकिन रास्ते में हुए एक हादसे के बाद राजवीर अचानक गायब हो जाता है। इसके बाद आस्था ऐसी परिस्थितियों में पहुंच जाती है, जहां उसकी मुलाकात मोहन ठाकुर (यशपाल शर्मा) और कामिनी ठाकुर (पद्मिनी कोल्हापुरे) से होती है। एक खंडहरनुमा तहखाना, वहां का रहस्यमयी माहौल और मंजरी से जुड़ी घटनाएं उसके डर को बढ़ाने लगती हैं। धीरे धीरे इस जगह से जुड़े राज सामने आते हैं और आस्था ऐसे अनुभवों से गुजरती है, जो उसके लिए सब कुछ बदल देते हैं। इन घटनाओं के पीछे क्या है, यही फिल्म के सस्पेंस का अहम हिस्सा है। निर्देशक राजन रामगोपाल वर्मा की फिल्म का कॉन्सेप्ट दिलचस्प है। एक गर्भवती महिला, अचानक गायब हुआ प्रेमी और रहस्यमयी तहखाने का माहौल कहानी को रोमांचक बना सकता था। फिल्म के प्रीक्लाइमैक्स में सस्पेंस पैदा होता है और कुछ देर के लिए कहानी दर्शकों को बांधने में सफल



रहती है। हालांकि, फिल्म की रफ्तार कई जगह धीमी पड़ जाती है। कुछ सीन जरूरत से ज्यादा लंबे लगते हैं, जबकि कई घटनाओं के बीच जुड़ाव साफ नजर नहीं आता। कहानी जिस सवाल के साथ शुरू होती है, वह बीच में अपनी अहमियत खोने लगता है। इससे मुख्य कहानी का प्रभाव कम होता है और दर्शकों की उत्सुकता भी कमजोर पड़ सकती है। लेकिन डर पैदा करने वाले सीन हर बार असर नहीं छोड़ते। कई जगह माहौल बनाने की कोशिश दिखती है, मगर वह प्रभावशाली डर में नहीं बदल पाती। स्क्रीनप्ले ज्यादा कसा हुआ होता और गैरजरूरी दृश्यों को छोटा किया जाता, तो फिल्म का असर बेहतर हो सकता था। कहानी में मौजूद संभावनाओं को पूरी तरह पर्दे पर उतारने के लिए निर्देशन और तकनीकी प्रस्तुति में और कसावट की जरूरत महसूस होती है। यशपाल शर्मा अपने अनुभव के साथ किरदार में गंभीरता लाते हैं। पद्मिनी कोल्हापुरे भी रहस्यमयी माहौल के अनुरूप अभिनय करती हैं।

सात जादुई फायदा कब्ज भगाए, वजन घटाए, ब्लड शुगर भी कंट्रोल करे



कब्ज हो, पेट साफ न हो रहा हो या पाचन बिगड़ा हुआ महसूस हो, ऐसे में भारतीय घरों में अक्सर एक ही नाम सबसे पहले लिया जाता है- इसबगोल। पश्चिमी एशिया में उत्पन्न होने वाला यह पौधा सदियों पहले भारत पहुंचा था और आज भारत दुनिया में इसबगोल का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है। वजन घटाने वाली दवा ओजेम्पिक और अन्य दवाओं की बढ़ती लोकप्रियता के बीच सोशल मीडिया पर इसबगोल को 'नेचर का ओजेम्पिक' तक कहा जाने लगा है। दावा है कि यह भूख नियंत्रित करने और वजन कम करने में मदद करता है। 2023 में 'नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन' में पब्लिश एक रिव्यू के मुताबिक, 5 महीने तक भोजन से पहले औसतन 10.8 ग्राम इसबगोल लेने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। इसबगोल शरीर में क्या काम करता है? इसे लेने का सही तरीका क्या है? इसबगोल एक तरह का नेचुरल फाइबर है। यह 'प्लांटैगो ओवाटा' नाम के पौधे के बीज से तैयार किया जाता है। इसकी खास बात यह है कि पानी के संपर्क में आते ही यह अपने वजन से करीब 40 गुना तक पानी सोखता है और फूलकर जेल जैसा गाढ़ा हो जाता है। यह स्टूल को नरम बनाने और उसे आसानी से बाहर निकलने में मदद करता है। **सवाल- इसबगोल की न्यूट्रिशनल वैल्यू क्या है?** जवाब- इसबगोल की सबसे बड़ी खासियत इसका फाइबर कंटेंट है। इसमें अधिकांश हिस्सा डाइटरी फाइबर का होता है। यही वजह है कि इसे पाचन और गट हेल्थ के लिए फायदेमंद माना जाता है। ग्राफिक में इसकी न्यूट्रिशनल वैल्यू देखिए- इनसॉल्यूबल फाइबर आंतों की मूवमेंट को सपोर्ट करता है और बॉवेल को नियमित रखने में मदद करता है। वहीं सॉल्यूबल फाइबर पानी सोखकर जेल जैसा बन जाता है। इससे स्टूल मुलायम हो जाता है और उसे आसानी से पास करने में मदद मिलती है। इसबगोल सॉल्यूबल फाइबर का एक बेहतरीन सोर्स है। यही वजह है कि पानी में मिलते ही यह फूल जाता है और कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है। जवाब- हम जो खाना खाते हैं, वह पेट और लगभग 20 फीट लंबी छोटी आंत से गुजरते हुए बड़ी आंत में पहुंचता है। इस दौरान शरीर जरूरी पोषक तत्व और पानी सोख लेता है। आखिर में जो बचता है, वही स्टूल बनता है। इसबगोल में मौजूद सॉल्यूबल फाइबर पानी को अपने साथ बांधकर रखता है। इससे स्टूल में नमी बनी रहती है। वह मुलायम रहता है और आंतों से आसानी से आगे बढ़ पाता है। जवाब- इसबगोल एक प्रीबायोटिक फाइबर की तरह भी काम करता है। यानी यह आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया को पोषण देता है, जिससे गट हेल्थ बेहतर हो सकती है। ग्राफिक में इसके सभी फायदे देखिए- सवाल- इसबगोल कब्ज में कैसे मदद करता है? जवाब- कब्ज को ऐसे समझिए जैसे किसी नाली में सूखी गंदगी जमा हो गई हो। जब तक उसमें पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता, वह आसानी से बह नहीं पाती। लेकिन पानी मिलने पर वही गंदगी नरम पड़ जाती है और उसका निकलना आसान हो जाता है।

आमिर खान की तीसरी पत्नी ने मनाया पहला करवाचौथ



बॉलीवुड स्टार्स की कई एक्ट्रेसेस और स्टार्स वाइव्स ने भी करवाचौथ सेलिब्रेट किया। इनमें कुछ ऐसे लोग भी रहे, जिन्होंने इस साल अपना पहला करवाचौथ मनाया। आमिर खान की तीसरी पत्नी गौरी स्प्रैट ने भी अपना पहला करवाचौथ मनाया। बॉलीवुड में एक परंपरा सी बन चुकी है कि हर साल बॉलीवुड की हस्तियां अनिल कपूर और सुनीता कपूर के घर पर करवाचौथ सेलिब्रेट करने पहुंचती हैं। इस करवाचौथ पर भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। शिल्पा शेट्टी से लेकर मीरा राजपूत तक, बॉलीवुड की कई हस्तियां सज-धजकर सुनीता कपूर के घर पहुंचीं। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की पत्नी गौरी स्प्रैट ने भी इस साल अपना करवाचौथ मनाया। बॉलीवुड में एक परंपरा सी बन चुकी है कि हर साल बॉलीवुड की हस्तियां अनिल कपूर और सुनीता कपूर के घर पर करवाचौथ सेलिब्रेट करने पहुंचती हैं। इस करवाचौथ पर भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। शिल्पा शेट्टी से लेकर मीरा राजपूत तक, बॉलीवुड की कई हस्तियां सज-धजकर सुनीता कपूर के घर पहुंचीं। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की पत्नी गौरी स्प्रैट ने भी इस साल अपना करवाचौथ मनाया। आमिर खान की तीसरी पत्नी गौरी स्प्रैट ने करवाचौथ मनाया। ये आमिर से शादी के बाद गौरी का पहला करवाचौथ है, ऐसे में उन्होंने बहुत ही धूमधाम से ये त्योहार मनाया।

करवाचौथ की पूजा में शामिल होने के लिए आमिर खान, गौरी स्प्रैट के साथ अनिल कपूर और सुनीता कपूर के घर पहुंचे और अपने लुक को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। करवाचौथ की पूजा में शामिल होने के लिए आमिर खान, गौरी स्प्रैट के साथ अनिल कपूर और सुनीता कपूर के घर पहुंचे और अपने लुक को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। आमिर ने जहां प्रिंटेड कुर्ता और हैरम पैंट के साथ सिंपल सी चप्पल पहनी थी तो वहीं पर्पल कलर का शरारा पहना था, जिसके साथ उन्होंने पोटली बैग लिया था। दोनों का ही सिंपल अंदाज देखकर फैंस इनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाए। आमिर ने जहां प्रिंटेड कुर्ता और हैरम पैंट के साथ सिंपल सी चप्पल पहनी थी तो वहीं पर्पल कलर का शरारा पहना था, जिसके साथ उन्होंने पोटली बैग लिया था। दोनों का ही सिंपल अंदाज देखकर फैंस इनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाए। अनिल कपूर के घर के बाहर आमिर और गौरी स्पॉट हुए।